**कार्य प्रोफाइल**

| पद | कार्य प्रोफाइल (संक्षेप में) |
|---|---|
| डीजीएम (मुख्य जोखिम अधिकारी) | मुख्य जोखिम अधिकारी निम्न कार्यों हेतु ज़िम्मेदार होगा:<br>i. बैंक की आय तथा बैंक को हो सकने वाले जोखिमों को पहचानना एवं उनको रोकना<br>ii. बैंक द्वारा किए जाने वाले सभी जोखिम प्रबंधन के कार्य के साथ उनका प्रबंधन, पहचानना, मूल्यांकन रिपोर्टिंग, तथा बैंक को बाहरी एवं आंतरिक जोखिमों से सुरक्षित करना,<br>iii. मुख्य जोखिम अधिकारी बैंक द्वारा किए जाने वाले किसी नये कार्य के कार्यान्वयन में आने वाले जोखिम की पहचान, आकलन, प्रबंधन, निगरानी एवं उसको रिपोर्ट करना होगा,<br>iv. मुख्य जोखिम अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंक पर लागू सभी विनियमनों का अनुपालन किया जा रहा है एवं उसके द्वारा सभी जोखिम से संबंधित मामलों का विश्लेषण करना होगा।<br>v. समय समय पर भारत सरकार एवं अन्य विनियामक संस्थाओं से मिलने वाले दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु मिलने वाले अन्य कार्य। |
| एजीएम (इकॉनोमी एवं कार्यनीति) | i. अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक एवं वित्तीय आकड़ों पर नज़र रखना, विश्लेषण करना एवं उनका मूल्यांकन करना<br>ii. बैंक के शीर्ष प्रबंधन को विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय विकासों पर रणनीतिक इनपुट प्रदान करना तथा बैंक की रणनीति एवं नीतियों के निर्माण में सहायता करना<br>iii. व्यापार संबंधी नयी संभावनाओं को तलाशने हेतु अध्ययन करना, बैंक के अच्छे परिणामों के लिए वर्तमान में चल रही योजनाओं / प्रक्रियाओं का विश्लेषण करना, कम जोखिम के साथ परिणामों को प्राप्त करने हेतु व्यापार के नये एवं उन्नत तरीक़ो का सुझाव देना<br>iv. विभिन्न विषयों पर बैंक पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में अध्ययन करना जो कि बैंक के व्यापार को प्रभावित कर सकते हैं।<br>v. समय समय पर प्रदान किए जाने वाले अन्य कार्य। |
| एजीएम (एमआईएस) | i. बैंक के लिए एक ठोस एमआईएस प्लेटफॉर्म की स्थापना करना, विभिन्न विभागीय स्तर पर एकत्रित किए गये आकड़ों को समझना एवं उनको प्रोसेस करना, बैंक की महत्वपूर्ण गतिविधियों के आकलन करने हेतु आने वाली कमियों को पूरा करने के लिए नवीन डेटा आइटम का सुझाव देना<br>ii. शीर्ष प्रबंधन, विनियामक संस्थान एवं सरकार को वांछित किसी भी प्रकार के आकड़ों को उनके लिए सुलभ करना, निर्णय लेने हेतु व्यापार रिपोर्ट / आकड़ें उपलब्ध कराना<br>iii. विभिन्न आंतरिक एवं बाहरी आकड़ों को तैयार करने में की जाने वाली प्रक्रिया को स्वचालित करने में सहायता करना<br>iv. निर्धारित विनियामक विवरणीयाँ समयबद्ध / सटीक तरीके से प्रस्तुत करना एवं उनको तैयार करना<br>v. समय समय पर प्रदान किए जाने वाले अन्य कार्य। |

## 6. चयन की योजना, परिवीक्षा अवधि एवं तैनाती/ बदली

| पद | चयन प्रक्रिया | परिवीक्षा अवधि | तैनाती/ बदली |
|---|---|---|---|
| डीजीएम (मुख्य जोखिम अधिकारी) | शोर्टलिस्टिंग एवं साक्षात्कार | चयनित अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की सक्रिय सेवा के लिए | चयनित अभ्यर्थियों को समय समय पर बैंक के विभिन्न कार्यालयों में बैंक के निर्णयानुसार तैनात/ बदली किया |
| एजीएम (इकॉनोमी एवं कार्यनीति) | | | |

